SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 01 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 182

आज और कल खूब बरसेंगे बादल, पंजाब-हरियाणा सहित पूरे उत्तर भारत में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना

नई दिल्ली (आरएनएस)। मार्च महीने की शुरुआत में गर्मी का रंग देख काफी लोग परेशान हो गए थे। हालांकि, मार्च के कुछ दिन गुजर जाने के बाद मौसम में बदलाव दर्ज किया गया और उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिलीं हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन समूचे उत्तर भारत में झमाझम बारिश का अनुमान जताया है। अफगानिस्तान और ईरान से आने वाले दो पश्चिमी विक्षोभ की वजह से इस बार हीटवेव आने में देरी है। आईएमडी ने दो दिन जम्मू कश्मीर से राजस्थान समेत 17 राज्यों में अगले दो दिन जमकर बारिश की संभावना जताई है। इसमें दक्षिण और पूर्वी राज्य भी शामिल हैं। यह भी जानिए कि दो दिन हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान में मौसम कैसा रहेगा।

आईएमडी के मुताबिक, अगले दो सप्ताह हीटवेव नहीं रहेगी। इसके पीछे बड़ी वजह दो पश्चिमी विक्षोभ हैं। पहला पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान से आगे बढ़ते हुए 27 मार्च को जम्मू कश्मीर पहुंचा था। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ ईरान से होते हुए पूर्व की दिशा में बढ़ रहा है। यह 29 मार्च को पाकिस्तान में देखा गया था।

आईमडी ने दो दिन समूचे उत्तर भारत में अत्यधिक बारिश और कई राज्यों में ओलावृष्टि की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश और पंजाब में भारी बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। साथ ही पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, वेस्ट बंगाल समेत कई राज्यों में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में भी भारी वर्षा की संभावना है।

वहीं, तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में भी अगले कुछ दिन अत्यधिक बारिश हो सकती है। कर्नाटक के कुछ हिस्सों को छोड़कर दक्षिण भारत के सभी राज्यों में अत्यधिक बारिश की संभावना है।

सप्ताहभर ऐसा ही रहेगा मौसम- आईएमडी का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते पूरे सप्ताह ऐसा ही मौसम बना रह सकता है। विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालयी राज्यों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इसमें जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान राज्य शामिल हैं।

हालांकि विक्षोभ का ज्यादातर असर दक्षिण प्रायद्वीपीय और मध्य में पड़ेगा। यहां वर्षा की गतिविधि सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में 3 अप्रैल तक तेज हवाओं, आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। यहां भारी वर्षा हो सकती है। मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा यहां असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, में भारी बारिश की संभावना है।

प्रदेश के 22 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार दोपहर तेज धूप व उमस के बाद शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अनेक स्थानों में तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ के कई इलाकों में अगले चार घंटे में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, पेंड्रा रोड, कोरबा, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर, कबीरधाम, बेमेतरा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, बस्तर जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है। एक द्रोणिका मध्यप्रदेश के उत्तरी भाग से दक्षिण तमिलनाडु तक बनी हुई है और इस वजह से आंधी और बारिश की संभावना बनी हुई है। बता दें कि गुरुवार रात को रायपुर, बिलासपुर, सूरजपुर के अलावा, सरगुजा, बलरामपुर ,जशपुर ,पेंड्रा रोड, बिलासपुर ,कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ ,मुंगेली ,कवर्धा ,बेमेतरा और इससे लगे जिलों में गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई थी।

महत्वपूर्ण एवं खास

अतीक को सजा : जज, वकीलों व पूर्व मंत्री की सुरक्षा बढ़ाई

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में विशेष न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और उमेश पाल के वकीलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। उमेश पाल अपहरण मामले में गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और दो सहयोगियों को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के दो दिन बाद यह कदम उठाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उमेश पाल के वकीलों के घरों के बाहर पुलिस टीमों को तैनात किया गया है। अतीक के गढ़ इलाहाबाद पश्चिम सीट से दूसरी बार विधायक रहे यूपी के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को भी अतिरिक्त सुरक्षा दी गई है। प्रयागराज के लूकरगंज में अतीक अहमद के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों के लिए फ्लैट निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सिद्धार्थ नाथ सिंह ने 26 दिसंबर 2021 को भूमि पूजन किया था। इन फ्लैटों का निर्माण प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) कर रहा है।

फतेहपुर सीकरी में विदेशी सैलानियों पर मधुमक्खियो ने किया हमला

आगरा (आरएनएस)। फतेहपुर सीकरी स्मारक पर मधुमक्खियों के हमले में करीब आधा दर्जन विदेशी पर्यटक घायल हो गए। घटना गुरुवार दोपहर की है। घायल पर्यटकों को फतेहपुर सीकरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण सहायक दीपक कुमार ने कहा, ये विदेशी एक समूह में थे, जिनमें ज्यादातर फ्रांस के पर्यटक थे और आगरा गेट से फतेहपुर सीकरी में दीवान-ए-आम की ओर जा रहे थे। आगरा शहर से 40 किलोमीटर दूर राजस्थान की सीमा की ओर स्थित फतेहपुर सीकरी के स्मारक पर मधुमक्खियों का हमला कोई नई बात नहीं है। बुलंद दरवाजे के ऊपरी मोड़ और फतेहपुर सीकरी में शाही जामा मस्जिद के मेहराब पर मधुमक्खी के छत्ते आम हैं। एएसआई के एक अधिकारी ने कहा, हम स्मारकों में मधुमक्खियों के छत्ते के प्रसार की समस्या से निपटने के लिए एक विस्तृत योजना बना रहे हैं।

पुलिस ने जिस युवती का कंकाल किया था बरामद, वह 9 साल बाद घर लौट आई

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। पुलिस ने नौ साल साल पहले जिले के सिंगोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम जोपनाला की जिस युवती की हत्या का मामला दर्ज कर उसका कंकाल बरामद करना बताया था, वह जिंदा लौट आई है। अब इससे महकमे में हड़कंप मच गया है। क्योंकि हत्या के मामले में युवती के पिता और भाई को जेल भी भिजवा दिया गया था। कार्यशैली पर उठ रहे सवाला के बीच पुलिस का कहना है कि डीएनए टेस्ट कराने के साथ ही मामले को फिर से जांच की जा रही है। 13 जून 2014 को दर्ज प्रकरण के अनुसार जोपनाला के सोनू उइके ने पिता कुंदन के साथ लाठी से पीटकर बहन कंचन की हत्या कर दी थी और शव को घर के पासखेत में दफना दिया था। पुलिस ने कंकाल की 210 हड्डियों की बरामदगी भी दिखाई थी। युवती के भाई सोनू और पिता कुंदन से अपराध कुबूल भी करवा लिया। फिर आरोपित पिता व भाई को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने पुलिस द्वारा पेश किए गए सबूतों के आधार पर दोनों को जेल भेज दिया था। लेकिन मंगलवार रात को युवती घर वापस आ गई। उसे देखकर रह गए। उसने बताया कि वह मर्जी से घर से गई थी। इतने समय तक वह उज्जैन के पास रही और उसने शादी भी कर ली है। युवती का कहना है कि उसके पिता और भाई निर्दोष हैं। उन्हें पुलिस ने जबरन फंसाया है। बता दें कि युवती का भाई दो साल से जेल में है, जबकि पिता को एक साल जेल में रहने के बाद उम्र के आधार पर जमानत मिली हुई है। अब कुंदन का कहना है कि पुलिस ने बेवजह परेशान किया और जबरदस्ती बेटी की हत्या का जुर्म कुबूलने के लिए मजबूर किया।

सासाराम में रामनवमी के बाद हिंसक झड़प, भयंकर आगजनी; इलाके में धारा 144 लागू

सासाराम (आरएनएस)। बिहार के रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में रामनवमी पर्व के बाद दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प के बाद स्थानीय प्रशासन ने शुक्रवार को धारा 144 लागू कर दी। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से जमकर बवाल काटा गया। कई घरों में आग लगा दी गई। इस बवाल में दो पुलिसकर्मी के घायल होने की खबर है।

पुलिस के मुताबिक, रामनवमी पर्व की शोभा यात्रा शांति पूर्ण निकल जाने के बाद शुक्रवार को अचानक दो पक्षों में पथराव प्रारंभ हो गया और झड़प शुरू हो गई। इसकी सूचना जैसे ही वरिष्ठ अधिकारियों को हुई जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए।

इस घटना में दो पुलिसकर्मियों सहित आधा दर्जन लोगों के घायल होने की खबर है। घटना के बाद इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है और तनाव बना हुआ है। राज्य पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, सासाराम नगर थानान्तर्गत स्थिति पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। कतिपय विवाद के कारण दोपहर में रोडेबाजी की घटना हुई थी। घटनास्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, रोहतास पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं।

पुलिस एवं प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है। स्थानीय प्रशासन ने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

शादी की खुशियां मातम में बदली, बारात लेकर लौट रही एसयूवी नहर में गिरी, दूल्हे के परिवार से 7 लोगों की मौत

संबलपुर (आरएनएस)। बड़ी खबर ओडिशा से है। यहां के संबलपुर जिले में एक वाहन के नहर में गिर जाने से दूल्हे पक्ष के 7 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घटना शुक्रवार तड़के की बताई जा रही है।

संबलपुर जिले में दूल्हे पक्ष का वाहन गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। इस हृदयविदारक घटना में चार अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान अजीत खमारी, दिव्या लोहा, सरोज सेठ, सुमंत भोई, सुबल भोई और रमाकांत भोई के रूप में हुई है। सातवें मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों को संबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि झारसुगुड़ा जिले के लडधरा गांव से दूल्हे के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को लेकर वाहन गुरुवार शाम संबलपुर में घाम पुलिस थाना क्षेत्र के परमपुर इलाके में गया था। रात के खाने के बाद दूल्हे पक्ष के कुछ सदस्य एक एसयूवी में घर लौट रहे थे। इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और देर रात 2 बजे वाहन नहर में गिर गया। एक घायल ने बताया, हमने वाहन के शीशे तोड़े और खुद को बचाने में कामयाब रहे।

ट्रैक्टर पलटने से तीन की मौत, 20 घायल

बलौदा बाजार (आरएनएस)। बलौदा बाजार जिले के कसडोल थानाक्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलट जाने से तीन महिलाओं की मौत हो गई वहीं 20 लोग घायल हो गये। ट्रैक्टर सवार सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ठाकुर दीया निवासी लखन लाल मानिकपुरी का विवाह बुधवार को ग्राम खैंदा निवासी सीमा मानिकपुरी के साथ होना था जिसके लिए वर वधु दोनों की पक्षों के लोग ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 22 जे 5832 में सवार होकर धार्मिक स्थल तुरतुरिया गये थे। शादी के बाद लडके पक्ष के लोग विदाई के बाद अपने ग्राम ठाकुर दीया चले गये वहीं लडकी पक्ष के लोग ट्रैक्टर में सवार होकर अपने ग्राम खैंदा लौट रहे थे इसी दौरान रात करीब 10 बजे तुरतुरिया घाटी में उनकी ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कसडोल थाने में सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर तत्काल घायलों को कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

कानपुर में बांसमंडी में रेडीमेड कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग, 800 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख : डिप्टी सीएम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

कानपुर सहित आसपास जिलों की करीब 55 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी

कानपुर (आरएनएस)। कानपुर के बांसमंडी स्थित एआर टावर में गुरुवार देर रात 1.30 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से 6 कॉम्प्लेक्स की करीब 800 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गई। जिससे अरबों रुपए के नुकसान होने की आशंका है। आग लगने की जानकारी मिलते ही पूरा प्रशासन हरकत में आ गया।

सेना, एयरफोर्स, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभाला है। कानपुर, लखनऊ, उन्नाव व कानपुर देहात समेत आसपास जिलों की करीब 55 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाडियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं।कानपुर, उन्नाव, लखनऊ समेत आस-पास के कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाडियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। शुक्रवार शाम समाचार लिखे जाने तक होलसेल मार्केट में लगी आग 15 घंटे बाद भी नहीं बुझाई जा सकी है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बांसमंडी स्थित रेडीमेड कपड़ा मार्केट में लगी आग का शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ितों से भी बात की। उन्होंने आग से तबाह हुए पांचों टावरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा ये दुखद घटना है। इसका राजनीतिकरण करना ठीक नहीं।

अरबों रुपए के नुकसान होने की आशंका - बांसमंडी के गारमेंट कंपलेक्स में लगी आग की वजह से न केवल करोड़ों का माल जलकर राख हो गया है बल्कि रुपये जलने की भी बात सामने आ रही है। व्यापारियों के मुताबिक लगभग हर दुकान में 10- 20 हजार रुपए का कैश रखा रहता है। इन दुकानों में कई प्रतिष्ठान ऐसे हैं जहां बी सी संचालित होती है। एक व्यापारी नेता के मुताबिक बीसी का लगभग 20 करोड़ रुपए यहां पर रखा हुआ था जो कि जल गया है।

सेना के जवानों के साथ पुल?सि और दमकल कर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें क?िचार कॉम्प्लेक्स में आग लगी है। एआर टावर से आग शुरू हुई इसके बाद हमराज कंपलेक्स, मसूद कॉम्प्लेक्स और नसीम टावर को भी आग की लपटों ने अपने घेरे में ले लिया।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। माल बचाने के लिए व्यापारी ई रिक्शा व अन्य साधनों से अपना माल निकालने में जुटे हुए हैं। पूरे इलाके में विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है ताकि आग बुझाने के दौरान कोई हादसा ना हो। मौके पर करीब 15 से अधिक थानों का फोर्स और पुलिस और प्रशासन आला अधिकारी नजर बनाए हुए हैं।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान- एआर टॉवर में दो दर्जन से अधिक रेडीमेड कपड़ों की होलसेल दुकानें हैं। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी जो धीरे-धीरे भड़कते हुए पूरी बिल्डिंग में फैल गई। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर जताया दुख- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ट्वीट कर कानपुर हादसे में दुख जताया है। ट्वीट कर उन्होंने लिखा कि आज कानपुर में हुई अग्नि दुर्घटना अत्यंत दु:खद है। फायर ब्रिगेड टीमों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है।

सीबीआई टीम का उत्तराखंड में फिर छापा, खरीद घोटाले पर एम्स ऋषिकेश में हो रही छापेमारी

ऋषिकेश (आरएनएस)। उत्तराखंड में सीबीआई की टीम ने एक बार फिर छापा मारा है। शुक्रवार को बहुत ही गुप्त तरीके से पहुंची सीबीआई टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की। सीबीआई टीम की छापेमारी के बाद हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम ने एम्स ऋषिकेश में छापेमारी कर जांच करने में जुटी हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में नियुक्तियों और उपकरणों की खरीद में अनियमितता के मामले में सीबीआई की टीम पूछताछ के लिए पहुंची है। सात सदस्य टीम चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय (एमएस) में प्रकरण से संबंधित आवश्यक जानकारियां जुटा रही है। मामले में सीबीआई साल भर पहले वित्तीय अनियमितताओं को लेकर एम्स के माइक्रोबायोलाजी विभाग में तैनात तत्कालीन अतिरिक्त प्रोफेसर बलराम जी उमर, एनाटमी विभाग के तत्कालीन अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेंद्र सिंह, तत्कालीन सहायक प्रोफेसर अनुभा अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी शशि कांत, लेखाधिकारी दीपक जोशी और खनेजा कांप्लेक्स शकरपुर दिल्ली स्थित प्रो-मेडिक डिवाइसेस के मालिक पुनीत शर्मा को नामजद हैं। जबकि, दो अन्य भी मुकदमे में आरोपी हैं। बता दें कि, सीओडी की टीम डीएसपी लेवल के अफसर की अगुवाई में पहुंची हुई है।

प्रयागराज में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में तीन की मौत : टक्कर के बाद गंगा नदी में गिरा एक ट्रक, दूसरा रेलिंग से लटका बाइक सवार भी आया चपेट में

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज में शुक्रवार सुबह दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर में एक बाइक सवार भी चपेट में आ गया। हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा फाफामऊ के आजाद पुल पर हुआ।

हादसे में एक ट्रक पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ सीधा गंगा नदी में जा गिरा। जबकि दूसरा ट्रक पुल की रेलिंग से लटक गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। नीचे गिरे ट्रक में फंसे दोनों शवों को बाहर निकाला गया।

वहीं, रेलिंग पर लटके ट्रक का ड्राइवर फरार है। वहीं, पुल पर जाम लगा हुआ है। दोनों ट्रकों की टक्कर के बाद बालू लदा ट्रक रेलिंग पर ही लटक गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया।

तीनों मृतकों की पहचान बजरंग बहादुर सिंह (48) निवासी नवाबगंज के पचदेवरा और हिमांशु साहू (23), आशु साहू (20) निवासी अमबा थाना नगराम कमिश्नरेट लखनऊ के रूप में हुई। इनके पास मिले कागजातों के आधार पर शिनाख्त हो सकी। हिमांशु और आशु सगे भाई हैं, ये मिनी ट्रक में सवार थे। पार्सल लेकर फाफामऊ से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। वहीं, बहादुर सिंह आज सुबह 4 बजे बाइक से ड्यूटी के लिए निकले थे। वह एमएनएनआईटी में गार्ड थे।

पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह 5 बजे के करीब हुआ। आजाद सेतु से एक ट्रक बालू लेकर आ रहा था, तभी सामने की ओर से भी एक तेज रफ्तार ट्रक आ गया, दोनों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक ट्रक आजाद सेतु की रेलिंग तोड़ते हुए सीधा गंगा नदी में जा गिरा। जबकि दूसरा ट्रक रेलिंग से झूल गया। हादसे में मिनी ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए पुल के नीचे जा गिरा। उसने पार्सल लदा हुआ था।

जिस वक्त ये टक्कर हुई, उस वक्त पुल से एक बाइक सवार भी गुजर रहा था जो दोनों ट्रकों की चपेट में आ गया। जिसके बाद बाइक सवार भी एक ट्रक के साथ सीधा गंगा में जा गिरा, जिससे उसकी भी मौत हो गई।

घटना के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रक के पहिए के नीचे आने से बाइक सवार बहादुर सिंह का शव क्षत विक्षत हो गया है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उनका शव बाहर निकाला। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष फाफामऊ आशीष सिंह सिसोदिया का कहना है कि शहर की ओर से गिट्टी से लदी और फाफामऊ की ओर से मिनी ट्रक जिसमें पार्सल लदा हुआ था। इन दोनों की आपस में भिड़ंत होने की वजह से बड़ा हादसा हुआ है। मृतकों के पास मिले कागजात के आधार पर शिनाख्त हुई है, परिजनों को सूचना दे दी गई है।

हादसे के बाद पुल पर जाम की स्थिति बन गई है। करीब 6 घंटे से यातायात बाधित है। यहां पर दोनों ओर से ट्रैफिक बंद है। पुलिस लगातार जेसीबी व क्रेन की मदद से ट्रकों को हटाने का प्रयास कर रही है। लेकिन अभी भी ट्रैफिक खुल नहीं सका है। पुल पर करीब 4 किलोमीटर तक जाम लगा हुआ है।